http://www.onlineBU.com

# AE-1038

B.A. (Part - I)
Term End Examination, 2016-17

## HINDI LITERATURE

Paper - II

हिन्दी कथा साहित्य

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

**इकाई-I**

**1.** निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) ''विधाता को संसार दयालु, कृपालु, दीनबन्धु और न जाने कौन-कौन सी उपाधियाँ देता है। मैं कहती हूँ उससे अधिक निर्दयी, निर्मम, निष्ठुर कोई शत्रु भी नहीं हो सकता है । इस अंधेरे, निर्जन और काँटों से भरे हुए जीवन मार्ग में मुझे केवल एक टिमटिमाता हुआ दीपक मिला था। मैं उसे अपने आँचल में छिपाए, विधि को धन्यवाद देती हुई गाती चली जाती थी, पर वह दीपक भी मुझसे छीना जा रहा है।''

***अथवा***



http://www.onlineBU.com

http://www.onlineBU.com



''रिश्वत में उसने हजारों रुपए मारे थे, पर कभी एक क्षण के लिए भी उसे ग्लानि न आई थी। रिश्वत बुद्धि से, कौशल से, पुरुषार्थ से मिलती है। दान पौरुषहीन, कर्महीन या पाखण्डियों का आधार है। वह सोच रहा था—मैं अब इतना दीन हूँ कि भोजन और वस्त्र के लिए मुझे दान लेना पड़ता है।''

(ख) ''चोर से ज्यादा फिक्र थी आबरू की। किबाड़ न रहे, पर्दा ही आबरू का रखवाला था। वह पर्दा भी तार-तार होते एक रात आँधी में किसी भी हालत में लटकने लायक न रह गया। दूसरे दिन घर की एकमात्र चीज दरी दरवाजे पर लटक गई।''

*अथवा*

''जिस समाज में रात-दिन मेहनत करने वालों की हालत उनकी हालत से कुछ बहुत अच्छी न थी और किसानों के मुकाबले में लोग, जो किसानों की दुर्बलताओं से लाभ उठाना जानते थे, कहीं ज्यादा सम्पन्न थे, वहाँ इस तरह की मनोवृत्ति का पैदा हो जाना कोई अचरज की बात न थी।''

(ग) ''बसु सिरचन की ऊंगलियों में सुतली के फुँदे पड़ गए। मानों कुछ देर तक वह चुपचाप बैठा पान को मुँह में घुलाता रहा। फिर, अचानक पिछवाड़े पीक थूक गया। अपनी छुली हँसिया

http://www.onlineBU.com

http://www.onlineBU.com



बगैरह समेट–संभालकर झोले में रखे। टंगी हुई अधूरी चिक पर एक निगाह डाली और हनहनाता हुआ आँगन से बाहर निकल गया।''

**इकाई-II**

2. 'गबन' में लेखक ने जिस समस्या को उद्धृत किया है, उसकी प्रासंगिकता आज भी है। स्पष्ट कीजिए। 10

***अथवा***

रमानाथ की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

**इकाई-III**

3. कहानी के तत्वों के आधार पर 'कफन' की विवेचना कीजिए। 10

***अथवा***

'मलबे का मालिक' कहानी की समीक्षा कीजिए।

***अथवा***

आँचलिकता के आधार पर 'ठेस' कहानी की विशेषताएँ लिखिए।

**इकाई-IV**

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर संक्षेप में लिखिए : 15

(क) बालिशौरि रेड्डी के साहित्य का परिचय दीजिए।

(ख) चम्पा के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

(ग) 'बिरादरी बाहर' कहानी की विशेषताएँ लिखिए।

(घ) शिवानी का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ङ) जोहरा का संक्षिप्त परिचय दीजिए।



http://www.onlineBU.com

http://www.onlineBU.com



## इकाई-V

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×10

(क) उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है ?

(ख) 'गदल' कहानी के रचनाकार कौन हैं ?

(ग) जालपा ने शतरंज का नक्शा किस समाचार पत्र में प्रकाशित करवाया था ?

(घ) हिन्दी की पहली मौलिक कहानी कौन-सी है ?

(ङ) जालपा की सहेली का नाम क्या था ?

(च) 'चीफ की दावत' के लेखक का नाम क्या है ?

(छ) आपके पाठ्यक्रम में कुल कितनी कहानियाँ हैं ?

(ज) बालिशौरि रेड्डी किस क्षेत्र के रचनाकार हैं ?

(झ) गदल के बेटे का नाम क्या है ?

(ञ) द्रुत पाठ के किसी एक रचनाकार का नाम लिखिए।

(ट) आपके पाठ्यक्रम में कहानियों का संकलन किस सम्पादक के द्वारा किया गया है ?

(ठ) रखखे पहलवान किस कहानी का पात्र है ?

(ड) 'मलबे का मालिक' कहानी के लेखक का नाम क्या है ?

(ढ) यशपाल की कौन-सी कहानी आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित है ?

(ण) घीसू की बहू का नाम क्या था ?

http://www.onlineBU.com